उत्तर पश्चिम रेलवे
रेल भर्ती कक्ष,
पावर हाऊस रोड़, जयपुर–302006

सं 740–ई/आरआरसी/जीडीसीई/01/2023/एएलपी   दिनांक 24.08.2023

महत्वूपर्ण सूचना – जीडीसीई 01/2023

सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा अधिसूचना संख्या (01/2023) के अन्तर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे में सहायक लोको पायलट के 238 पदों पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन दिनांक 22.07.2023 को जयपुर में करवाया गया था, जिसके अन्तर्गत सफल पाए गए अभ्यार्थियों का दिनांक 18.08.2023 को कम्प्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट (सीबीएटी) का आयोजन करवाया जा चुका है, जिसका परिणाम शीघ्र ही जारी किया जाएगा।

उक्त की तारतम्यता में सभी संबंधित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि परिणाम जारी होते ही अत्यल्प सूचना पर, दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा जिसके लिए सभी संबंधित अभ्यार्थी तैयार रहें एवं इस हेतु अधिसूचना में उल्लेखित सूचना अनुसार वांछनीय दस्तावेज यथाः शैक्षणिक, जाति, रेलवे सेवा संबंधी एवं अन्य (प्रत्येक दस्तावेज की दो–दो प्रतियां एवं चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित) अद्यतन रखें, अगर कोई भी अभ्यार्थी पात्रतानुसार अधिसूचना में किए गए उल्लेख अनुसार दस्तावेज सत्यापन के समय, संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसे अभ्यार्थियों की पात्रता निरस्त की जा सकती है, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

इसके अतिरिक्त सभी संबंधित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय संलग्न प्रारूप में विवरण भरकर, संबंधित नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित करवाकर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

परिवीक्षा अवधि प्रमाण पत्र (अधिसूचना सं. 01/2023)

1. कर्मचारी का नाम ....
2. पिता का नाम..
3. रजिस्ट्रेशन नम्बर ....
4. रोल नम्बर...
5. विभाग...
6. कर्मचारी आईडी...
7. जन्मतिथि..
8. नियुक्ति की तिथि...
9. नियुक्ति ग्रेड पे..
10. वर्तमान पदनाम...
11. वर्तमान ग्रेड पे..

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मैं नियमित रेल कर्मचारी हूँ एवं मेरे द्वारा दिया गया उपरोक्त समस्त विवरण सही एवं सत्य है।

कर्मचारी के हस्ताक्षर

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता/नियंत्रक अधिकारी

पदनाम

दिनांक

कार्यालय की मुहर